नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651, मो.9960562305
ई-मेल: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट: www.hindivishwa.org

# कुलपति ने किया छात्रावासों का भ्रमण

## छात्रों की समस्या हमारी पहली प्राथमिकता में होगी – कुलपति शुक्ल

### बिरसा मुण्डा छात्रावास में माननीय कुलपति का भव्य स्वागत

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय परिसर में स्थित गोरख पाण्डेय छात्रावास, बिरसा मुण्डा छात्रावास, भगत सिंह छात्रावास और सुखदेव छात्रावास में भ्रमण के बाद कुलपति ने छात्रों और छात्रावासों की समस्या को जाना।



छात्रावास में कुलपति ने अपने प्रथम आगमन पर वृक्षारोपण किया। भ्रमण के दौरान छात्रों से बातचीत करते हुए कुलपति शुक्ल ने कहा कि छात्रों की समस्या हमारी पहली प्राथमिकता में होगी। छात्रावास को बनाने में छात्रों का योगदान महत्वपूर्ण होता है। छात्रों के बिना किसी विश्वविद्यालय की कल्पना नहीं की जा सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हितों के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। छात्रों को संदेश देते हुए कुलपति ने कहा कि आप सभी छात्र नवाचारी बनें। आज सृजन का युग है। आप अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करें।



छात्रों को सफलता का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन महत्वपूर्ण है। छात्र जीवन में संयमित होना बहुत जरूरी है। अनुशासन ही आपके जीवन को नई दिशा प्रदान करेगा।




छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण करने के उपरांत प्रो. शुक्ल ने ग्लोवल वार्मिंग पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे बचने के लिए वृक्षारोपण ही एक मात्र विकल्प है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए देश में हरित क्रांति के तर्ज पर वृक्षारोपण क्रांति की आवश्यकता है।





कुलानुशासक प्रो. मनोज कुमार ने छात्रों से कहा कि छात्रावास आपका घर है। आप अकादमिक माहोल का निर्माण करें जिससे आपका भविष्य बेहतर हो सके।



विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. कृपाशंकर चौबे ने छात्रों को भारत का भविष्य बताते हुए कहा कि आपकी उर्जा से एक दिन भारत की दिशा तय होगी। आप अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाएं।

इस मौके पर बिरसा मुण्डा छात्रावास के अधीक्षक डॉ. धरवेश कठेरिया, गारेख पाण्डेय छात्रावास के अधीक्षक डॉ. अमरेन्द्र शर्मा, भगत सिंह छात्रावास के अधीक्षक डॉ. भरत कुमार पंडा, सुखदेव छात्रावास के अधीक्षक लेखराम दन्नाना, परिसर विकास के सहायक विवेक त्रिपाठी और मनीष झाड़े सहित छात्र उपस्थित रहे।